# शिवालयों में लगा भक्तों का तांता, नाग देवता की हुई पूजा

## महामृत्युंजय मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, दिन भर घूमते रहे सपेरा, भंडारे में बटा प्रसाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा. पट खुलने के साथ ही देर रात तक भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये भक्तगण कतार में लगे रहे. शिवालयों में जहा भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया. वही नाग देवता की पूजा अर्चना की गई, साथ ही लोगो ने कालसर्प दोष की पूजा घरों एवं मंदिरों में कराई.**

शुभ मुहूर्त में नाग देवता की पूजा साथ ही बामी में दूध और जल चढ़ाया गया. दिन भर नागों को लेकर शहर में सपेरे घूमते रहे और लोगो ने नाग देवता के दर्शन किये. सावन के तीसरे सोमवर को नाग पंचमी भी रही. जिसके कारण मंदिरों में भीड़ ज्यादा देखी गई. किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर में सुबह पट खुलने के साथ भगवान महामृत्युंजय के लोगो ने दर्शन किये और जल चढ़ाया. इसी तरह कोठी कम्पाउंड स्थित मनकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की गई. गुढ़ के कष्टहरनाथ एवं देवतालाब के भोलेनाथ मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा. तीसरा सोमवार और नाग पंचमी के कारण सबसे ज्यादा भीड़ रही.



भंडारे का प्रसाद भी लोगो को बांटा गया. रिमझिम बारिश के बीच भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये भक्तों का तांता लगा रहा. कई वर्षो बाद सावन सोमवार और नाग पंचमी एक साथ पड़े है. जिसके कारण महत्व और बढ़ गया. नाग पंचमी के दिन भगवान भोलेनाथ एवं सर्पो का पूजन



करने से कालसर्प दोष शांत होता है. लोगो ने मंदिर एवं घरों में नाग देवता की पूजा की और काल सर्प दोष शांति के लिये चांदी से निर्मित नाग-नागिन के जोड़ो को पूजन के बाद जल में प्रवाहित किया. ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो ने नाग की बामी में जल और दूध चढ़ाया एवं मंदिरो में जाकर नाग देवता की पूजा की. विंध्य क्षेत्र में नाग पंचमी का अपना विशेष महत्व है. लोग विधि विधान से नाग पंचमी का त्यौहार मनाते है और दंगल खेले जाते है.

### अखाड़ा घाट में सजा पारंपरिक कुश्ती दंगल

जिले की पुरानी एवं गौरवशाली अखाड़ा परंपरा को जीवंत रखने के उद्देश्य से नागपंचमी के पावन अवसर पर अखाड़ा घाट, किला के पीछे स्थित हनुमान व्यायामशाला के अखाड़े में पारंपरिक कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया. दंगल में बाल पहलवानों से लेकर बड़े एवं अनुभवी पहलवानों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने समकक्ष पहलवानों के साथ जोरदार मुकाबले किए. कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों के साथ पहलवानों द्वारा पारंपरिक गदा एवं मुगदर का शानदार प्रदर्शन भी किया गया. पहलवानों के शक्ति, संतुलन और शारीरिक कौशल के प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों में खासा उत्साह पैदा किया. सैकड़ों की संख्या में मौजूद कुश्ती प्रेमियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं समाजसेवी लखन लाल खंडेलवाल उपस्थित रहे. उन्होंने विजयी पहलवानों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया.



# कांग्रेसी एफआईआर पर अड़े और बैठ गए धरने पर

## एसपी कार्यालय का किया घेराव, रविवार को भिड़े थे कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, रविवार को भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई मामूली झड़प के बाद सोमवार को कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. कांग्रेस जिला अध्यक्ष और रीवा महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया और कार्यवाही की मांग की.**

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन और सत्ताधारी दल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. दरअसल पूरे विवाद की शुरुआत रविवार को हुई, जब भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर 'वंदे मातरम' के अपमान का आरोप लगाते हुए एक कैंडल मार्च निकाला था. भाजपा का यह कैंडल मार्च प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने पहुंचा था. इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए. देखते ही देखते माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया. दोनों पक्षों के बीच झड़प की स्थित बन गई. कांग्रेस ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि 16 अगस्त को रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय के समक्ष भाजपाइयों द्वारा पत्थर बाजी कर कांग्रेस जनों को चोटिल करने एवं एक अनुसूचित जाति की महिला के



ऊपर जूता फेंक जातिसूचक अपशब्दों का उपयोग कर अपमानित किया गया है.

कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पत्थरबाजी करने एवं जूता फेंककर दलित महिला को अपमानित करने की जो घटना हुई है उसको न रोक पाने में विफल पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए. पत्थरबाजी एवं अनुसूचित जाति की महिला के ऊपर जूता फेंककर जाति सूचक शब्दों से उसे अपमानित करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई जाए. एफ आई आर दर्ज न कराने की कार्यवाही से असंतुष्ट कांग्रेस जनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए और वहीं पर प्रशासन के विरुद्ध नारे बाजी करते रहे. पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना की फुटेज प्राप्त होने पर पहचान कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही का आश्वासन दिया. लेकिन कांग्रेसी एफआईआर दर्ज करने की अपनी मांग पर अड़े रहें. पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई समझाइश एवं आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया. साथ ही चेतावनी दी गई कि दोषियों पर कार्यवाही नही होती तो कांग्रेस आंदोलन करेगी. इस दौरान शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, नीलम मिश्रा, विद्यावती पटेल, राजेन्द्र मिश्रा, शीला त्यागी, संगठन ग्रामीण महासचिव रवि तिवारी, शहर महासचिव सज्जन पटेल, बबिता साकेत आदि मौजूद रहे.

## संक्षिप्त



### सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**रीवा,** असम में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए मऊगंज (महौता) निवासी लांस नायक सूर्य बहादुर सिंह के पार्थिव शरीर के निज निवास पहुंचने पर सेना के जवानों द्वारा पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी गई. दु:खद के इस अवसर पर पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' ने निज निवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट की एवं अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया. साथ ही जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं भारतीय जवान भी शामिल हुए. मां भारती की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद सूर्य बहादुर सिंह का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा.

### जिले में अब तक 295 .8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा,** जिले में एक जून से अब तक 295 .8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. जिले में 17 अगस्त को 7 .1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. जिले में एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 296 .3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 312 .3 मिलीमीटर, गुढ़ में 601 मिलीमीटर, सिरमौर में 274 .4 मिलीमीटर, त्योंथर में 116 मिलीमीटर, सेमरिया में 283 मिलीमीटर, मनगवां में 207 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 276 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 672 .1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी.

### शिविर 21 को चन्द्रपुर में

**रीवा,** आम जनता के आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं की मानीटरिंग के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत रीवा जिले का तीसरा शिविर 21 अगस्त को त्योंथर विकासखण्ड के चन्द्रपुर में आयोजित किया जा रहा है. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि शासन की उच्च प्राथमिकता का मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शिविर चन्द्रपुर में आयोजित किया जा रहा है. इसमें कोनियाखुर्द, कोटराखुर्द, झोंटिया डाढ़ाकला तथा पनासी ग्राम पंचायतें शामिल होंगी.

### अपर मुख्य सचिव 20 को करेंगी समीक्षा

**रीवा,** अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा प्रभारी रीवा संभाग श्रीमती रश्मि अरूण शमी 20 अगस्त को संभागीय बैठक में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगी. बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में पूर्व में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठकों के निर्णयों पर कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी. कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं पर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### शहर में सरेराह युवकों के बीच जमकर मारपीट

**रीवा,** रीवा शहर के भरे बाजार सरेराह युवकों में हुई मारपीट का वीडियो सोशल साइट में वायरल होने पर के बाद तीन आरोपियों को अमहिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा शहर के शिल्पी प्लाजा स्थित रसिया मोहल्ला मोड़ के समीप दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था. शनिवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी जिसमें युवकों के बीच मारपीट हुई थी. इस दौरान वहां से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का वाहन गुजर रहा था जिसमें सवार प्रधान आरक्षक ने उतरकर विवाद को शांत कराया था. इस दौरान ई-रिक्शा में सवार आरोपी वहां से फरार हो गए. जिसके कुछ देर बाद पूरी घटना का वीडियो वायरल हुआ था. जिसे पुलिस ने संज्ञान में लिया और विवाद करने वाले आरोपियों की पहचान की. पकड़े गए आरोपियों में सुनील, बादल, विवेक के रूप में हुई है, वही अन्य की तलाश की जा रही है.

# अमर शहीद लाल पदमधर सिंह की प्रतिमा का अनावरण कल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, अमर शहीद लाल पदमधर सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह 19 अगस्त को दोपहर 3:30 बजे पदमधर पार्क, रीवा में आयोजित किया जाएगा.**


अनावरण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रीवा अजय मिश्रा ''बाबा'' द्वारा की जाएगी. वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक शहीद लाल पदमधर सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रहित के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया. उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु पदमधर पार्क में स्थापित प्रतिमा का अनावरण इस अवसर पर किया जाएगा. महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' ने कहा लाल पदमधर सिंह रीवा की माटी के वे सपूत हैं जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया. प्रतिमा का अनावरण केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को उनके बलिदान और आदर्शों से जोड़ने का माध्यम है.

# खाद्य सुरक्षा की टीम ने मारा छापा, अवैध रूप से चल रही थी फैक्ट्री

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, रीवा शहर के रिहायशी इलाकों में नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से संचालित हो रही फैक्ट्रियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने कार्रवाई की.**

सोमवार को विभाग की टीम ने अशोक नगर क्षेत्र में स्थित कई रिहायशी मकानों में दबिश दी, जहाँ बिना किसी वैध लाइसेंस और साफ-सफाई के बड़े पैमाने पर मिठाइयाँ, फुल्की और अन्य खाद्य सामग्रियां बनाई जा रही थीं. कार्रवाई के दौरान फैक्ट्रियों में भारी अनियमितताएं और गंदगी पाई गई,



जिसके बाद टीम ने सैंपल्स जब्त कर जांच के लिए भेजे हैं. जांच में सामने आया है कि अशोक नगर के भीतर आधा दर्जन से अधिक ऐसे घर हैं, जिन्हें अवैध रूप से फैक्ट्रियों में तब्दील कर दिया गया है. इन तंग और रिहायशी मकानों में तैयार होने वाली मिठाइयां और फुल्की शहर के बड़े और नामचीन प्रतिष्ठानों व दुकानों में सप्लाई की जाती हैं. मामले की जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे ने बताया कि अशोक नगर में संचालित इन अवैध इकाइयों से खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए गए हैं. इन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जा रहा है. जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे. महाकाल मिष्ठान धोबिया टंकी के निर्माण कारखाने में जांच के दौरान मैदा 10 बोरी व कलर पाया गया. मगज के लड्डू के निर्माण में मैदा व कलर की मिलावट की आशंका होने से सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है.

# अडानी कंपनी के खिलाफ किसान का जल-सत्याग्रह दोबारा शुरू

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, रीवा जिले की गुढ़ तहसील के ग्राम बेला में अडानी कंपनी के खिलाफ किसानों का आंदोलन एक बार फिर शुरु हो गया है.**

जमीन का उचित मुआवजा न मिलने से नाराज पीड़ित किसान देशराज मिश्रा ने प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए दोबारा जल-सत्याग्रह शुरू कर दिया है. किसान एक बार फिर पानी से भरे गहरे गड्ढे में आधा डूबकर विरोध प्रदर्शन पर बैठ गया है.

बता दे की इससे पहले भी पीड़ित किसान अपनी कृषि भूमि पर जबरन हाईटेंशन लाइन और टावर लगाए जाने के विरोध में दो दिनों से अधिक समय तक इसी पानी से भरे गड्ढे में सत्याग्रह पर बैठे रहे थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद जिला कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर किसान से मुलाकात की थी. कलेक्टर ने किसान को आश्वासन दिया था कि शासन के तय मापदंडों के अनुसार उन्हें भूमि का उचित मुआवजा दिलाया जाएगा, जिसके बाद किसान ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया था. फिलहाल आंदोलन खत्म होने के महज तीन दिन बाद ही किसान ने प्रशासन और कंपनी पर धोखा देने का आरोप लगाया है. किसान का कहना है कि कलेक्टर के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और बिना उचित मुआवजा तय किए ही काम को आगे बढ़ाया जा रहा है. इसी वादाखिलाफी से आहत होकर किसान आज एक बार फिर उसी पानी से भरे गड्ढे में उतर गए और अपना सत्याग्रह दोबारा शुरू कर दिया. दरअसल यह पूरा मामला गुढ़ तहसील के ग्राम बेला का है, जहां किसान देशराज मिश्रा की कृषि भूमि मौजूद है. आरोप है कि उपजाऊ जमीन पर हाईटेंशन तार खींचे जा रहे हैं.

# नशे में मदहोश बदमाश ने युवक को मारा चाकू

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरी टोला निवासी युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया. स्थानीय लोगों की मदद से नशे में मदहोश आरोपी को समान थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है**

घटना के संबंध में समान थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पोखरी टोला निवासी मोहम्मद फिरोज नामक युवक के ऊपर चाकू से हमला करने की सूचना मिली थी. जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंच कर स्थानी लोगों की मदद से अमहिया निवासी आरोपी अनस अंसारी को पकड़ा गया. बीती रात्रि तकरीबन 9 बजे हुई इस घटना के बाद पुलिस आरोपी को पड़कर थाने लाई है जिसकी ली गई तलाशी के दौरान उसके पास से दो चाकू बरामद हुए हैं जबकि घायल मोहम्मद फिरोज को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है. पुलिस जांच कर रही है.

# नर्सिंग छात्राओं ने रैली निकालकर कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, नर्सिंग छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना देने के बाद रैली निकाल कर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा.**

कमिश्नर कार्यालय पहुंची प्रदर्शनकारी छात्राओं का कहना है कि लंबे समय से उनकी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति और अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर अनियमितताएं चल रही हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है. कई बार ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा. नर्सिंग छात्राओं के प्रतिनिधि मंडल ने कमिश्नर को अपनी मांगों का एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में परीक्षाओं का समय पर आयोजन कराने, रोकी गई छात्रवृत्ति को तुरंत बहाल करने और नर्सिंग कॉलेजों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग की गई है. कमिश्नर ने छात्राओं की समस्याओं को सुनते हुए ज्ञापन लिया और संबंधित अधिकारियों को उचित जांच और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.

# हर दुर्घटना का विश्लेषण करके उसके कारण तलाशें तथा सुधार करें : सप्रे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, सुप्रीम कोर्ट ऑन रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि रीवा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है.**

सड़क दुर्घटना के कई कारण होते हैं. खराब सड़क, ब्लैक स्पॉट, नशे में वाहन चलाना, यातायात नियमों का पालन न करना और ओव्हर स्पीड दुर्घटना के प्रमुख कारण



हैं. पुलिस अधिकारी हर सड़क दुर्घटना का विश्लेषण करें. दुर्घटना के समय वाहन का प्रकार, उसकी गति तथा अन्य बातों का विश्लेषण करें. वाहन चालक नशे में तो नहीं था. विश्लेषण के बाद जो कारण सामने आए उसे सुधारने का प्रयास करें. इससे 50 से 70 प्रतिशत तक दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी. न्यायाधीश श्री सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से कार्य करें. बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित की जाती है. सड़क सुरक्षा के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है. बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरूकरण सिंह ने बताया कि गत 5 वर्ष की सड़क दुर्घटनाओं का वर्षवार विश्लेषण किया गया है.

# चार दिन से लापता युवक का शव नदी के पास मिला, परिजनों ने लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवा नदी के पास सोमवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब चार दिन से लापता एक 28 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ.**

मृतक की पहचान विनीत साकेत 28 वर्ष, पिता छोटेलाल साकेत निवासी पथरहा के रूप में हुई है. नाराज परिजनों ने रीवा-मनगवां मार्ग पर चकाजाम कर दिया. इस दौरान गुजर रहे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री का काफिला भी जाम में फस गया. परिजन उप मुख्यमंत्री से मिलकर कार्यवाही की मांग की, समझाइश के बाद मामला शांत हुआ. जानकारी के मुताबिक विनीत बीते 13 तारीख से अपने घर से रहस्यमय ढंग से गायब था. जिसके गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज थी. मिली जानकारी के अनुसार, बेलवा नदी के समीप से गुजर रहे स्थानीय लोगों को अचानक तेज दुर्गंध आई. जब लोगों ने पास जाकर देखा, तो वहां पड़ी एक मोटर साइकिल पर नजर पड़ी. बारीकी से जांच करने पर मोटर साइकिल के पास ही चारे के अंदर युवक का शव दिखा. शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची. इधर मृतक के परिजनों ने विनीत की हत्या कर शव को छिपाने की आशंका जताई है. तनावपूर्ण स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शव मिलने की जानकारी होने के 16 घंटे बाद भी परिजनों और ग्रामीणों ने शव को मौके से नहीं उठाने दिया. परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे. सुरक्षा के दृष्टि से भारी पुलिसबल मौजूद रहा. पुलिस ने मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. परिजनो के बयान दर्ज क साक्ष्य जुटाए जा रहे है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी.

# संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला कल

**रीवा, 17 अगस्त,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 19 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 24 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा.